हर जुबां पर मेरे बाबा तेरी कहानी है लिरिक्स

हर जुबां पर मेरे बाबा,
तेरी कहानी है,
जहाँ जाऊं वहां देखूं,
तेरी निशानी है,
हर जुबा पर मेरे बाबा,
तेरी कहानी है।bd।

तर्ज – हर कदम पर कोई कातिल।

जहाँ जाऊं मुझे आता है,
श्याम तू ही नज़र,
कैसा जादू है ये छाया है,
कैसा मुझ पे असर,
तेरी किरपा से ही चलती है,
मेरे घर की गुजर,
अब तो तेरे हवाले,
मेरी जिंदगानी है,
श्याम तेरे हवाले,
मेरी जिंदगानी है।bd।

तेरे आँचल की छाव पाकर,
कट रहा है ये सफर,
तेरा साया है साथ मेरे,
तो है कैसी फिकर,
खाली लौटा ना कभी कोई,
तेरी चौखट से,
सारी दुनिया मेरे बाबा,
तेरी दीवानी है।bd।

हर जुबां पर मेरे बाबा,
तेरी कहानी है,
जहाँ जाऊं वहां देखूं,
तेरी निशानी है,
हर जुबा पर मेरे बाबा,
तेरी कहानी है।bd।

Singer- Sanju Baba Kota

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com